दिनांक 23.12.2017

स्वच्छ भारत अभियान **स्वच्छ एवं सुदर भिलाई**

भिलाईनगर/नगर पालिक निगम, भिलाई के आयुक्त श्री के.एल. चौहान के निर्देश पर निगम क्षेत्र में लगातार हो रहे अतिक्रमण पर नाराजगी व्यक्त करते हुए क्षेत्र में अवैध रुप से अतिक्रमण कर व्यवसाय किये जाने की लगातार शिकायत प्राप्त होने पर समीक्षा बैठक के दौरान निगम आयुक्त ने समस्त जोन आयुक्तों को स्पष्ट निर्देश देते हुए कहा था कि वे अपने–अपने जोन अंतर्गत अवैध कब्जाधारियों को चिन्हित कर उनकी सूची तैयार करें तथा अवैध कब्जा हटाये जाने के पूर्व अतिक्रमणकारियों को नोटिस जारी कर तामिल करावें एवं मौके पर दुकान में व्यवसायी अनुपस्थित पाये जाने पर चस्पा की कार्यवाही सुनिश्चित करें तथा की गई कार्यवाही से मुझे अवगत करावें। आयुक्त महोदय के आदेशानुसार निगम क्षेत्र के सभी जोन अनुविभाग के अंतर्गत चिन्हित अतिक्रमणकारियों बेदखली की कार्यवाही करने हेतु प्रति सप्ताह के शुक्रवार एवं शनिवार को स्थानीय पुलिस बल, संबंधित क्षेत्र के जोन आयुक्त, राजस्व अमला, विद्युत कार्य से जुड़े कर्मचारी एवं तोड़फोड़ दस्ते, जेसीबी, डम्पर, एवं अन्य उपयोगी सामग्री के साथ मौके पर उपस्थित होकर अतिक्रमण हटावें।

आयुक्त महोदय के निर्देशानुसार 23 दिसम्बर शनिवार को जोन 01 अनुविभाग कार्यालय के द्वारा कार्यपालिका मजिस्ट्रेट की उपस्थिति में नेहरु नगर व्यवसायिक काम्पलेक्स के मुख्य मार्ग के पास गुमटी वालों के द्वारा टीन शेड के माध्यम से किया गया बेजा कब्जा हटाया गया। जोन आयुक्त संजय बागड़े, कार्यपालिका मजिस्ट्रेट, पुलिस बल, निगम का राजस्व अमला, विद्युत विभाग के कर्मचारी, तोड़फोड़ कर्मचारियों, जेसीबी, डम्पर, के साथ अतिक्रमण स्थल पर पहुंचकर बेदखली की कार्यवाही की गई एवं चिन्हित अवैध कब्जाधारियों से कब्जा मुक्त कराया गया एवं टीन जब्त की गई।

आज के तोड़फोड़ अभियान में पुलिस बल के साथ जोन 01 के जोन आयुक्त श्री संजय बागड़े, उपयंत्री कनिका, पीआरओ सुभाष सिंह ठाकुर, तोड़फोड़ प्रभारी अधिकारी यतीन्द्र नाथ देवांगन, सहायक राजस्व अधिकारी मलखान सिंह सोरी, आरआई डी.पी. शर्मा, बालकृष्ण नायडू, अंजनसिंह सहित जोन 01 के अन्य अधिकारी, कर्मचारी उपस्थित थे।

जन सम्पर्क अधिकारी